भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1804
दिनांक 11 फरवरी, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर
पश्चिम चंपारण में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय

1804. श्री सुनील कुमार:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का पश्चिम चंपारण में स्थापित किए गए सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों का आधुनिकीकरण करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त चिकित्सा महाविद्यालय में सुपर स्पेशिएलिटी यूनिट कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, बिहार राज्य में विभिन्न चरणों में 6 सरकारी चिकित्सा कॉलेजों नामत: श्रीकृष्णा मेडिकल कॉलेज, मुज़फ्फरपुर; सरकारी मेडिकल कॉलेज, दरभंगा; पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पटना; सरकारी मेडिकल कॉलेज, भागलपुर; सरकारी मेडिकल कॉलेज, गया; और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज़ (आजीआईएमएस), पटना के उन्नयन को अनुमोदित किया गया है। पश्चिम चंपारण में सरकारी मेडिकल कॉलेज के उन्नयन हेतु कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****